न्यूनतम क्रेडिट लाने में नाकाम छात्रों के लिए पास होने का एक और मौका

व्यवस्था : यूटीयू के फेल छात्र समर सेमेस्टर परीक्षा देकर अर्जित कर सकते हैं न्यूनतम क्रेडिट

अंकित गर्ग

देहरादून। तकनीकी एवं प्रबंध संस्थानों के विभिन्न पाठ्यक्रमों की परीक्षाओं में न्यूनतम क्रेडिट हासिल नहीं कर पाने के चलते अगली कक्षाओं में प्रोन्नत होने से वंचित छात्रों के पास समर सेमेस्टर का एक और मौका है।

इसमें छात्रों की कुछ समय के लिए विशेष कक्षाएं चलेंगी। इसके बाद छात्र सभी फेल विषयों में परीक्षा देकर न्यूनतम क्रेडिट हासिल कर सकते हैं। समर सेमेस्टर की व्यवस्था में न्यूनतम उपस्थिति नहीं देने वाले परीक्षा से वंचित छात्रों को भी शामिल किया जाएगा। विवि प्रशासन ने सभी संस्थानों के निदेशकों को समर सेमेस्टर के बाबत छात्रों को अवगत कराते हुए परीक्षा में शामिल कराने के निर्देश दिए हैं।

उपस्थिति पूर्ण नहीं करने पर परीक्षा से वंचित रह गए छात्र भी दे सकेंगे परीक्षा

खास खबर

उत्तराखंड तकनीकी विश्वविद्यालय से संबद्ध संस्थानों के विभिन्न पाठ्यक्रमों में सत्र 2022-23 एवं सत्र 2023-24 में प्रवेश पाने वाले ऐसे छात्र, जो उपस्थिति पूर्ण नहीं होने के चलते परीक्षा से वंचित रह गए हैं। वे सभी छात्र न्यूनतम क्रेडिट हासिल नहीं करने के चलते आगामी कक्षाओं के लिए प्रोन्नत नहीं हो सकेंगे। इसके अलावा काफी संख्या में ऐसी भी छात्र हैं, जो परीक्षा देने के बावजूद न्यूनतम क्रेडिट हासिल नहीं कर पाए हैं। विश्वविद्यालय इन छात्रों को समर सेमेस्टर के माध्यम से एक मौका देगा।

इन परीक्षाओं का लाभ केवल उन्हीं छात्रों को मिलेगा, जिनके पास न्यूनतम क्रेडिट नहीं हैं। हालांकि फेल छात्रों के पास नए सिरे से एडमिशन लेकर पास होने का विकल्प भी खुला रहेगा। विवि के परीक्षा नियंत्रक डॉ. वीके पटेल की ओर से संस्थान निदेशकों को पत्र जारी कर छात्रों को समर सेमेस्टर के बारे में अवगत कराने को कहा है।

समर सेमेस्टर परीक्षा का लाभ बीटेक, बीएचएमसीटी, एमबीए इंटीग्रेटिड, एमसीए, बीएएलएलबी, बीबीएएलएलबी एवं एलएलबी के छात्रों को मिलेगा। समर सेमेस्टर की व्यवस्था सभी विश्वविद्यालयों में नहीं है। यूटीयू में छात्रों के हित को देखते हुए एक साल पहले ही समर सेमेस्टर परीक्षा के लिए ऑर्डिनेंस लागू किया गया है। संवाद

उपस्थिति विवरण देने पर ही भर सकेंगे परीक्षा फार्म

समर सेमेस्टर में शामिल होने वाले छात्रों का पंजीकरण विश्वविद्यालय यूएमएस (यूनिवर्सिटी मैनेजमेंट सिस्टम) पर भी कराना होगा। साथ ही समर सेमेस्टर की कक्षाओं में न्यूनतम उपस्थिति भी दर्ज करानी होगी। यही नहीं उपस्थिति का विवरण यूएमएस पर अपलोड करना होगा। इसके बाद ही छात्र समर सेमेस्टर के परीक्षा फार्म भर सकेंगे।